आरोपी को गिरफ्तार किया

भरतपुर (निस)। वैर थाना पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी नेकराम उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया। 27 जून को थानाधिकारी जनक सिंह मय जाप्ता को गस्त के दौरान भूपेन्द्र सैल्समैन शराब ठेका जीवद ने बताया कि हम दुकान का कैश लेकर ईका गाडी से वैर की तरफ आ रहे थे तो बावडी मन्दिर के पास में कुछ बदमाशों ने हमारी ईका गाडी के सामने अपनी ईको गाडी को लगाकर ड्राईवर की बगल वाली सीट से एक बदमाश ने कट्टा दिखा रूकवाने का प्रयास किया। इस सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता के उक्त ईको गाडी की तलाश नाकाबन्दी की। तो दौराने गस्त व नाकाबन्दी के जगजीवनपुर से आगे लोहागढ क्रेसर के कच्चे रास्ते में इस नम्बर की ईको गाडी जाती हुई दिखाई दी। पुलिस जाप्ता द्वारा गाडी का पीछा किया तो उन 4-5 बदमाशों ने अपने आप को घिरा देख कर ईको गाडी को छोडकर जंगल की तरफ भाग गये। पुलिस द्वारा इस ईको गाडी की तलाशी ली तो उसमे 1 अवैध कट्टा 315 बोर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक मोबाईल फोन मिला। पुलिस द्वारा अवैध कट्टा, मोबाईल फोन व ईको गाडी को जब्त फरार अज्ञात बदमाशों के विरूद्व थाने पर मामला दर्ज किया गया था। एएसआई भूरीसिंह मय जाप्ता द्वारा अनुसंधान कर त्वरित कार्यवाही करते हुये इस मामले में फरार चर रहे बदमाश नेकराम उर्फ छोटू पुत्र रूपसिंह निवासी नगला झोर थाना रूदावल को गिरफ्तार किया गया है।

प्राईवेट कंपनियो के अभिकर्ताओ ने कलेक्ट्रट पर किया प्रदर्शन

करौली(नि.स.)। करौली में सहारा इंडिया और पीएसीएल सहित अन्य प्राइवेट कंपनियों के अभिकर्ताओं द्वारा करौली जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर

■ **सहारा इंडिया एवं पीएसीएल सहित और अन्य कंपनियों में जमा कर्ताओं की जमाधान को 2019 में बनाए गए संशोधित कानून के तहत वापस दिए जाने की मांग की**

जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर सहारा इंडिया एवं पीएसीएल सहित और अन्य कंपनियों में जमा कर्ताओं की जमाधान को 2019 में बनाए गए संशोधित कानून के तहत वापस दिए जाने की मांग की है।

करौली जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को भेजें ज्ञापन में अभिकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर 31 जुलाई तक पीड़ित जमाकर्ता परिवार का जमा धन वापस नहीं किया तो राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर

करौली कलेक्ट्रेट मे जमाकर्ता व अभिकर्ताओ ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा।

देशव्यापी धरना अनिश्चितकालीन के लिए शुरू किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी केंद्र व राज्य सरकार की होगी।अभिकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को अलग-अलग ज्ञापन सौंप कर राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष से गुहार लगाई कि सरकार ने वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजना वर्ष 2019 बनाकर ठग कंपनी एवं सोसाइटी में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पीड़ित आवेदकों से आवेदन लेने और उनका भुगतान करने हेतु भुगतान पोर्टल की स्थापना कागजों में कानून में हुई अनियमित जमा एवं नियमित जमा योजनाओं में जनता के जमाधान की वापसी को लेकर संसद और सरकार ने देश में विशेष न्यायालय,सक्षम अधिकारी,सहायक शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी बनाए. लेकिन कानून को बने 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद संघ या राज्यों ने एक्ट 2019 के अंतर्गत पीड़ितों से आवेदन आमंत्रित,आवेदन लेने के बाद उनका धन विधि संवत रूप से वापस किया जो करोड़ों नागरिकों के साथ अन्याय है इसका प्रतिकार करना हमारा धर्म है अधिकार है सहारा इंडिया परिवार के अभिकर्ता रामनिवास सैनी ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजना,पाबंदी कानून 2019 बनाकर देश के सभी राज्यों में जमा धन वापस करने के लिए कहा गया लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक सहारा ना पीएसीएल कंपनियों में जमा कर्ताओं का धन वापस नहीं हुआ है जिसको लेकर आए दिन अभिकर्ताओं को जमा कर्ता द्वारा जान से मारने तक की धमकी दी जाती है जिसको समांत अभिकर्ता अपने परिवार अपनी जान को लेकर हमेशा चिंतित रहते हैं अभिकर्ताओं ने करौली जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मांग कि है।

राजकीय स्कूल में किया पौधा रोपण

करौली (नि.स.)। . राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर करौली द्वारा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल करौली परिसर में पौधारोपण किया गया। शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि विद्यालय के ग्रीन पट्टी क्षेत्र में शिक्षकों ने गड्ढे खोदकर करंज,अर्जुन,जामुन,गुड़हल,कदम्ब,चम्पा,अशोक आदि औषधीय पौधे रोपे हैं। साथ पौधों में खाद,पानी डाला और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। विद्यालय प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा ने कहा कि विद्यालय परिसर हरा भरा है। विद्यालय में हर वर्ष पौधरोपण किया जाता है। विद्यालय स्टाफ़ पूर्ण निष्ठा के साथ पौधों की देखभाल करता है और उनमें पानी देता रहता है। आगे भी शिक्षक लगाए गए पौधों की सुरक्षा करेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिकाधिक पौधे लगाने चाहिए।उन्होंने बताया कि कोरोना काल में हम सभी ने ऑक्सीजन की कमी का सामना किया था और ग्लोबल वार्मिंग के चलते लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में पौधारोपण ही हमें सुरक्षित रख सकता है प्रधानाचार्य ने पौधरोपण के लिए शिक्षक संघ अम्बेडकर का आभार जताया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष रूपसिंह मीना,प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत,व्याख्याता गोविंद प्रजापत, रामराज मीना व्याख्याता, शिवसिंह जाटव अध्यापक आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

शिविर में 140 बालिकाओ की हुई जांच

गंगापुर सिटी । भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में सेवा एवं पर्यावरण पखवाडा के अंतर्गत बालिकाओं के लिए नाक कान गला जांच शिविर लगाया गया। शिविर का मुख्य अतिथि डां दीपक सिंघल, संतोष गुप्ता केन्द्रीय पदाधिकारी और शाखा अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल, राजकीय बालिका विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती राजेन्द्री मीना द्वारा मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पट पर दीप प्रज्ज्वलित शुभारंभ किया। शाखा सचिव रामदयाल मीणा ने बताया की शिविर में नाक, कान, गला रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर दीपक सिंघल एसिस्टेंट प्रोफेसर के. एम. मेडिकल कॉलेज मथुरा द्वारा 140० बालिकाओं की जांच की गई। कार्यक्रम संयोजक राहुल गुप्ता,पवन जिंदल, शाखा संरक्षक शिवनारायण गुप्ता, अश्वनी गुलाटी, मदनमोहन आर्य,देवेश पीतलिया, राजेश खंडेलवाल चश्मे वाले, अनिल डांस एसके, दिनेश चंद गुप्ता घोलेटा वाले, महिलाओं की भागीदारी बहुत अच्छी रही महिला प्रमुख निर्मला खारवाल, संतोष डांस,ममता डांस,कुशला खुटेटा, पुष्पा आर्य, प्रियंका सोनी,पूजा गोयनका, उषा खंडेलवाल,राधा दीक्षित, पुष्पा गर्ग आदि महिला उपस्थित रहीं।

समारोह का आयोजन 5 को

भरतपुर(निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षान्त समारोह के पूर्व पुस्तक मेला, चित्रकला प्रदर्शनी, फूड-फेस्टिवल, और सांस्कृतिक संध्या का आगाज महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षान्त समारोह का आयोजन 5 जुलाई शुक्रवार को किया जाना सुनिश्चित है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो रमेश चन्द्रा के निर्देशानुसार 3 व 4 जुलाई को दीक्षान्त समारोह की उपाधि वितरण में विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकगण विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होंगे। सभी की उपस्थिति को ध्यानमें रखते हुए दोनों दिवसों में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्गत 3 जुलाई को चित्रकला प्रतियोगिताएं तथा 4 जुलाई को पुस्तक मेला, चित्रकला प्रदर्शनी, फूड-फेस्टिवल और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। पुस्तक मेले का आयोजन प्रबृद्ध शिक्षकों, विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य हेतु किया जा रहा है जहां विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न विषयों की हजारों पुस्तकों को पढ़ने व खरीदने का मौका भी मिलेगा। चित्रकला प्रदर्शनी से अभिप्राय छात्र-छात्राओं को चित्रकला के क्षेत्र में जिज्ञासु एवं उत्साहित करने हेतु किया जा रहा हैं। प्रदर्शनी में चित्रकला विभाग के शिक्षकों की देख-रेख में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों को सम्मिलित किया जायेगा। साथ ही फूड-फेस्टिवल का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है जिसमें देशी और विदेशी स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाये जायेंगे छात्र-छात्राओं के पोषण स्वास्थ्य और विभिन्न खाद्य पदार्थों की उपलब्धता एक ही स्थान पर निश्चित की गई है। इसके बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी विश्वविद्यालय परिसर में किया जायेगा। कुल सचिव डॉ अरूण कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी प्रतिभागी प्रतियोगिता से एक घंण्टा पहले अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और उपयोगी सामग्री साथ लावें। प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के छात्र-छात्रा भाग लेंगे। जिसकी सूचना विश्वविद्यालय की ओर से सभी महाविद्यालयों को भेज दी गई है। प्रतियोगिताओं में विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को कुलपति के द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये जायेंगे।

जिला कारागृह में शिविर का आयोजन

करौली(नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय पर नवीन कानूनो को लेकर विधिक जागरूकता षिविर आयोजित किया गया वही कलेक्ट्रेट के बीसी रूम मे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बीसी के माध्यम से पुलिस अधीकारियो से नवीन कानूनो के बारे मे चर्चा की।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार नवीन कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में 01 जुलाई को जिला कारागृह करौली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईमामुद्दीन खान अधिवक्ता व रामजीत कुशवाह, असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल द्वारा कारागृह में निरूद्ध बंदियों को 01 जुलाई से लागू हुए नवीन कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कार्यक्रम में रामावतार शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक जिला कारागृह, करौली,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,करौली से निजी सहायक मानवेंद्र सिंह,कनिष्ठ सहायक चंद्रदीप जैन,साईबर विशेषज्ञ सोनु माली व पैरा लीगल वॉलंटियर भगवान शर्मा उपस्थित रहे। इसके अलावा करौली कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बीसी रूम मे नवीन कानूनो को लेकर प्रदेष के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बैठे अधिकारियो से चर्चा कि इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक बृजेष ज्योति उपाध्याय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल,पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार के अलावा कई अन्य वृत अधिकारी एवं सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

फर्जी भूमि रूपांतरणमामले में जिला कलेक्टर की त्वरित कार्यवाही

गंगापुर सिटी । जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने फर्जी भूमि रूपांतरण मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की। जिला कलक्टर

■ **भूमि रूपांतरण सहित समस्त प्रकरणों को ई फाइल के माध्यम से निस्तारित करने के लिए आदेश दिए**

ने बताया कि नगर परिषद् आयुक्त रिंकल गुप्ता एवं अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षरों से एवं कार्यालय के समान डिस्पेच नम्बरों से विभिन्न आदेशों का जारी होना संज्ञान में लाया गया है। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सक्षम अधिकारियों

राजस्व अधिकारियो की बैठक लेते जिला कलेक्टर।

को विशेषकर भू-राजस्व मामलों में आदेश जारी कर निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से समस्त कार्यालयों मे राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 9०-क से सम्बंधित, अन्य महत्वपूर्ण विचाराधीन व नवीन पत्रावलियो को राजकाज पोर्टल पर ई फाईल के माध्यम से संधारित कर उनके नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित की जाए तथा राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 9०-क के तहत जारी की जाने वाली अनुज्ञा की प्रति की जिला कलक्टर कार्यालय मे भी आवश्यक रूप से भिजवाया सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि भूमि रूपांतरण सहित समस्त प्रकरणों को ई फाइल के माध्यम से निस्तारित करने पत्रावली की ऑनलाइन जांच सक्षम स्तर द्वारा आसानी से की जा सकती है। जिसके सम्बन्ध में समस्त अधिकारियों को वीडिओ गाइडलाइन द्वारा जागरूक किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप अब कोई भी कोई भी फर्जी भूमि-रूपान्तरण सहित अन्य कोई भी आदेश जारी नहीं कर सकेगा।

ड्रॉप आउट बच्चों को प्रवेश दिलाने को लेकर अधिकारी की बैठक सम्पन्न

करौली(नि.स.)। जिलें में जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा ड्रॉप आउट एवं शिक्षा, विद्यालय से वंचित बच्चों को पुन: प्रवेश दिलाकर शिक्षा,विद्यालय से जोड़ने को लेकर 24 जून से 13 जूलाई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है मासलपुर ब्लॉक में ड्रॉप आउट एवं शिक्षा से वंचित बच्चों को पुन: प्रवेश दिलाने को लेकर आज पंचायत समिति मासलपुर के सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी, एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा, मोहनलाल शर्मा विकास अधिकारी पंचायत समिति मासलपुर, रविन्द्र रावत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,समस्त पीईईओ,प्रधानाचार्य,नोडल प्रभारी, सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने भाग लिया विकास अधिकारी मोहनलाल शर्मा ने बताया है कि बैठक में एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि जिलें में 5269 एवं मासलपुर में 458 बच्चे ड्रॉप आउट है इसके कई बच्चे ऐसे भी हो सकतें है जो कभी विद्यालय गये ही नही हो सभी सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पीईईओ, नोडल प्रभारी, प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, सहायिका, एनवाईवी,स्वयंसेवक,युवा मंडल आदि को समुदाय के साथ बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारें में जानकारी देकर शिक्षा के प्रति जागरूक कर वंचित बच्चों को स्थानीय सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने का कार्य करना चाहिए मासलपुर ब्लॉक में ड्रॉप आउट बच्चों के साथ अन्य वंचित बच्चों को भी प्रवेश दिलाकर ब्लॉक एवं जिलें को ड्रॉप आउट मुक्त बनाने की ओर कदम उठाना है मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रविन्द्र रावत ने सभी पीईईओ, नोडल प्रभारी, प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकगण द्वारा प्रवेशोत्सव को लेकर किये जा रहे कार्यो के बारें में जानकारी दी गई साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों की सूची को दुरुस्त करने के साथ अन्य बच्चों को प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए गए जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया है कि हमें बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर रहना चाहिए क्योंकि बच्चे देश का भविष्य है अगर बच्चे पढ़ेगे नही तो हमारे देश का विकास संभव नही है ऐसे में हर नागरिक का दायित्व है कि ड्रॉप आउट एवं शिक्षा से वंचित बच्चों को प्रवेश दिलाने में अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहिए।

फरार वारंटी गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। भुसावर थाना पुलिस ने थाना राजगढ से नकबजनी के मामले में फरार एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंन्ज भरतपुर के आदेशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण के सुपरवजीन में वृत्ताधिकारी वृत्त भुसावर धमेन्द्र शर्मा आरपीएस के नेतृत्व में थानाधिकारी भुसावर सुनील कुमार के नेतृत्व में जीतेन्द्र सिंह हैड कानिस्टेबल द्वारा थाना राजगढ पर दर्ज नकबजनी के मामले में 6 साल से फरार चल रहे आरोपी सतीश चन्द पुत्र राजाराम उम्र 40 साल जाति मीना निवासी महाराजपुरा थाना भुसावर को गिरफ्तार किया गया।

आवेदन भरने की तिथि नहीं बढ़ाई होती तो विद्यार्थियों का क्या होता

करौली(नि.स.)। कोटा विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर आदि परीक्षा के आवेदन भरने की यदि विश्वविद्यालय द्वारा तिथि नहीं बढ़ाई होती तो पूर्व निर्धारित तिथि तक हार्ड कॉपी जमा नहीं हुई उन छात्र-छात्राओं का क्या होता।

कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा वर्ष 2024 की आयोजित की जाने वाली समस्त सेमेस्टर द्वितीय,चतुर्थ, षस्टम,अष्टम,दषम परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन भरने की तिथि 14 से 20 जून और 100 विलंब के साथ 21 से 24 जून तक और परीक्षा शुल्क के बराबर विलंब शुल्क के साथ भरने की तिथि 25 से 28 जून तक एवं महाविद्यालय और विभाग में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करने की तिथि 16 से 30 जून रखी गई जिसके लिए यहां से पीजी कॉलेज प्राचार्य ने कार्यो के संपादन हेतु हार्ड कॉपी जमा करने हेतु कॉलेज के 30 अधिकारी कर्मचारीयो को ग्रीष्म अवकष अवधी 1 मई से 30 जून तक महाविद्यालय मे रूककर कार्य करने हेतु आदेषित भी कर दिया था जिसको नियमानुसार राजस्थान सेवा नियमो के नियम 92 वी के तहत ग्रीष्म अवकाष के एवज मे उपार्जित अवकाष का लाभ आयुक्त की अनुमति उपरांत देय होता है। जिसके लिए प्राचार्य ने कॉलेज के 30 अधिकारी कर्मचारियो की समिति लिखित मे बनाई गई लेकिन पूर्व निर्धारित तिथि यानी 30 जून तक एक भी छात्र-छात्रा की हार्ड कॉपी जमा नही हुई गनीमत यह रही कि कोटा विष्वविद्यालय कोटा ने परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करने की तिथि अब 4 जुलाई तक बढा दी गई है जिससे अब छात्र-छात्रा आवेदन पत्र मय चालान की हार्ड कॉपी जमा कर सकेंगे ।

शवो का पोस्टमार्टम कर परिजनो को सौपा

करौली(नि.स.)। करौली के निकट मंडरायल सडक मार्ग पर डूडापुरा और ससेडी गॉव के बीच सडक पर गत दिन बोलेरो जीप व ट्रक कि टक्कर मे मारे गये 9 लोगो के शवो का मंगलवार को गमगीन महोल मे पोस्टमार्टम किया गया। वही मृतको के आश्रितो को 4-4 लाख रुपये कि आर्थिक सहायता के साथ घायलो को 50-50 हजार रुपये कि बात पर सहमति बनी।

करौली में गत दिन मंडरायल सडक मार्ग पर हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 9 लोगों के शवों के पोस्टमॉर्टम से पहले जमकर विवाद हुआ परिवार वालों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। उन्होंने सरकार से आर्थिक सहायता कि मांग की आर्थिक सहायता नहीं देने की स्थिति में शव नहीं लेने का ऐलान कर दिया। आखिरकार 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के आश्वासन के बाद परिवार वाले माने। उधर राजस्थान के पूर्व मंत्री रमेश मीणा ने हॉस्पिटल में लोगो से मुलाकात की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। मंगलवार प्रात:करीब 7:00 बजे मुआवजे की मांग पूरी नहीं होने पर पोस्टमॉर्टम कराने से परिवार वालों ने इनकार कर दिया। मौके पर मंडरायल,करौली के तहसीलदार महेंद्र गुप्ता,करौली सदर थाना अधिकारी योगेश शर्मा,मंडरायल उपजिला कलेक्टर बृजेष गुप्ता,करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, करौली के अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी और श्योपुर मध्य प्रदेश के विजयपुर तहसील के एसडीएम वीएस श्रीवास्तव ने परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। प्रात: करीब 9:30 बजे पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता रमेश मीणा करौली हॉस्पिटल पहुंचे। एवं 10:00 बजे मध्य प्रदेश के विजयपुर श्योपुर विधायक राम निवास रावत,करौली कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल,करौली उपजिला कलेक्टर पिंकी गुर्जर हॉस्पिटल पहुंचे। पूर्व मंत्री मीणा के साथ ही अधिकारियों ने परिवार वालों से बातचीत की करीब 2 घंटे कि वार्ता के बाद परिवार वालो को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता की घोषणा के बाद मान गए। राजस्थान सरकार 2 घायलों को 20-20 हजार रुपए देगी अन्य सरकारी सहायता का लाभ भी दिलाने का आश्वासन दिया गया। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के बाद राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आषवासन और घायलों को 20-20 हजार की सहायता की दिलाने का आष्वासन दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री रमेष मीना ने भी मृतको के परिजनो को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा कि वही मंत्री ने पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद हॉस्पिटल में भर्ती 3 साल की घायल बालिका दिव्यांशी से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि वह लाशो पर राजनीति नहीं करते।

यू.पी.एस.सी. का हुआ एनक्वास असेसमेंट

करौली (नि.स.)। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश गेट का एनक्वास असेसमेंट सेंट्रल टीम द्वारा किया गया और चिकित्सा संस्थान पर प्रदान सेवाओं की स्थिति सहित रिकॉर्ड संधारण से रूबरू हुए। सेंट्रल टीम में डॉ अशोक पालीवाल व डॉ अंजना पैनूगोंडाल शामिल रहें।

सीएमएचओ डॉ.दिनेश चंद मीणा ने बताया कि केंद्रीय टीम ने यूपीएचसी गणेश गेट करौली का एनक्वास असेसमेंट किया गया है।

टीम द्वारा प्रदान सेवाओं की गुणवत्ता के जांची और प्रदान सेवाओं के रिकॉर्ड संधारण से रूबरू हुए। एनक्वास में प्रमाणन होने पर संस्था को आगामी 3 साल तक 2-2 लाख की राशि मिलेगी जिससे चिकित्सा सेवाओं में विस्तार के साथ चिकित्सा सेवाओं में गुणवत्ता आएगी। असेसमेंट टीम के साथ डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ. ओपी मीणा,चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रेमराज मीना,डीपीओ शहरी मेहुल जैन व पीएचएम स्नेहलता तिवारी मौजूद रही। एनक्वास असेसमेंट के लिए तैयारियों में क्वालिटी चौंपियन धर्मजीत मीणा व सोन प्रकाश, एसएमओ बलवीर, एलटी दीपक गुप्ता, डीईओ यूसुफ सहित संस्था पर कार्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

ई-मित्र कियोस्क का किया निरीक्षण

करौली(नि.स.)। उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर ने कहा कि 12 जून को ब्लॉक प्रोग्रामर करौली द्वारा करौली कलेक्ट्रेट चौराहा पर स्थित ई-मित्र कियोस्कों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ई-मित्र धारक लोकेश जंगम द्वारा उपभोक्ताओं से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल करना पाया गया जिस कारण उक्त ई-मित्र धारक पर 5 हजार रू की शास्ति आरोपित की गई व 7 दिवस के लिये निलंबित किया गया साथ ही ई मित्र धारको को हिदायत दी जाती है कि वे राज्य सरकार की निर्धारित दर के अनुसार ही आमजन से सेवाओं की राशि प्राप्त करें तथा किसी भी जनप्रतिनिधी या राजपत्रित अधिकारी की सील ई मित्र केन्द्रों पर न रखें अन्यथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

गंगापुर सिटी। राजस्थान पटवार संघ एवं कानूनगो संघ ने शिवराज मीना भू अभिलेख निरिक्षक उदेईकला के साथ हुई मारपीट के आरोपियो को गिरफतार नहीं करने एवं प्रशासन द्वारा कार्रवाही नहीं करने के विरोध में बुधवार से जिला महासमिति पटवार व कानूनगो संघ के बैनर तले सभी पटवारी व गिरदावर जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठेंगे।

अध्यक्ष पटवार संघ व अध्यक्ष भू अभिलेख निरिक्षक ने बताया कि इसके बाद भी कार्रवाही नहीं होने पर 8 जुलाई से सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर सामूहिक अवकाश पर रहते हुए धरना प्रदर्शन करेंगे।

35 डाक्टर्स एवं 2 सीए का सम्मान किया

भरतपुर (निस)। लायंस इन्टरनेशनल की लायनेस्टिक वर्ष 2024-25 के प्रथम दिन लायंस क्लब भरतपुर रायल्स द्वारा प्रान्त की निर्धारित गतिविधि के अनुरूप डाक्टर्स एवं सीए-डे समारोह मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक प्रान्तपाल रामकुमार गुप्ता थे।

समारोह शहर के ख्यातिनाम एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट तथा उल्लेखनीय सेवाएँ प्रदान करने वाले 35 चिकित्सकों व 2 चार्टर्ड एकाउन्टेंट का सम्मान किया गया। क्लब संरक्षक विनोद सिंघल ने बताया कि सम्मानित चिकित्सकों में डॉ गौरव कपूर, डॉ जगवीर सिंह, डॉ मंजू सिंह, डॉ कुसुम शर्मा, डॉ कप्तान सिंह, डॉ अंकुर गुप्ता, डॉ नेहा गर्ग, डॉ सुनील सिनसिनवार, डॉ बबीता, डॉ गौरव देशवार, डॉ रूवी फौजदार, डॉ नीतू देशवार, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ इन्दु शर्मा, डॉ प्रवीण सिंघल, डॉ शिखा बंसल, डॉ सीताराम जिंदल, डॉ रविन्द्र कुंतल, डॉ बैशाली कुंतल, डॉ सुशील गोस्वामी, डॉ रोहित भारतीय, डॉ मनीष गोयल, डॉ बीएन शर्मा, डॉ विपिन कुमार, डॉ चंचल चौधरी, डॉ लोकेश शर्मा, डॉ युवराज अरोडा, डॉ स्मिता अरोडा, डॉ दीक्षा वर्मा, डॉ पवन कुमार शर्मा, डॉ कपिल देव चौधरी, डॉ रोहित सिंह, डॉ प्रीति सिंह, डॉ अजीत चौधरी तथा डॉ मोनू सिंह एवं सीए संजय गुप्ता सम्मिलित थे।

क्लब अध्यक्ष लायन मंजू गुप्ता ने अपने स्वागत उदबोधन में सभी अतिथियों एवं क्लब मैम्बर्स का स्वागत किया तथा गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने अपने उदबोधन में डाक्टर्स को धरती पर भगवान का दर्जा देते हुए कहा कि आपके समर्पण एवं सेवा को समाज में भुलाया नहीं जा सकता।

डाक्टर्स जीवन बचाने के लिए कडी मेहनत करते हैं। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी डाक्टर्स एवं चार्टर्ड एकाउन्टेंट को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

विशिष्ट अतिथि रामकुमार गुप्ता ने लायंस इन्टरनेशनल के संबंध में विस्तार से समझाया तथा क्लब द्वारा की जा रही सेवा गतिविधियों की सराहना की।

क्लब सचिव सत्यव्रत आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक राकेश सिकरवार ने अतिथियों को स्मृति चिंह प्रदान किए।

कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंघल ने किया। इस अवसर पर क्लब के मानव गर्ग, कोषाध्यक्ष जयकिशन एडवोकेट, केडी शर्मा, विष्णुदत्त शर्मा, आरसी वर्मा, रश्मि सिंह, अनुपमा शर्मा, कविता वर्मा, गीतांजली सिंह, चन्द्रभार गुप्ता ने विशेष सहयोग किया।

चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान समारोह आयोजित

गंगापुर सिटी । लायंस क्लब गरिमा द्वारा लायन वर्ष 24-25 के प्रथम दिन 1 जुलाई को पुरानी अनाज मंडी अन्न क्षेत्र में जरूरतमंदों को भोजन कराकर सेवा कार्यो का शुभारंभ किया। लायंस क्लब गरिमा सचिव ओम अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 12 बजे महिला एवं पुरुष लायन सदस्यो ने अन्न क्षेत्र में पहुंचकर सभी दीन दुखियों को प्रेम पूर्वक भोजन कराया। अन्न क्षेत्र को चला रहे कालूराम अध्यापक को इस नेक कार्य को निरंतरता से करने के लिए क्लब के पदाधिकारी ने बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। लायंस क्लब गरिमा गंगापुर सिटी द्वारा होटल मंगलम पैलेस में आयोजित आमसभा में चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान समारोह रखा गया। लायंस क्लब गरिमा के नवीन अध्यक्ष पंकज कुमार गुप